गुरुग्राम के नेहरू स्टेडियम में हॉकी का नया एस्ट्रोटर्फ

चर्चा में क्यों?

24 मार्च, 2022 को हरियाणा के खेल एवं युवा मामले के राज्य मंत्री सरदार संदीप सिंह ने कहा कि गुरुग्राम के नेहरू स्टेडियम में हॉकी का नया एस्ट्रोटर्फ लगाया जाएगा।

प्रमुख बिंदु

- गुरुग्राम में हॉकी एस्ट्रोटर्फ के लिये प्रदेश सरकार ने 9.40 करोड़ रुपए अनुमानित लागत तय की है। वित्त वर्ष 2022-23 में इस कार्य को शुरू किया जाएगा।
- गुरुग्राम में हॉकी एस्ट्रोटर्फ के अलावा ज़िला मेवात में पंचायतों या संस्थाओं द्वारा उपलब्ध कराई गई ज़मीन पर मल्टी गेम्स के लिये आधुनिक सुविधाओं से युक्त नए मैदान तैयार किये जाएंगे, ताकि इन पर खिलाड़ी प्रैक्टिस कर सकें।
- सरदार संदीप सिंह ने बताया कि होडल तथा पलवल में भी ज़मीन की उपलब्धता होने पर सरकार नए मल्टी गेम्स ट्रैक बनाने पर विचार कर रही है। जींद ज़िले के सफीदों में महाराजा जन्मेजय स्टेडियम के रखरखाव के लिये भी प्लान तैयार किया जा रहा है।
- खेल मंत्री ने बताया कि जिस क्षेत्र में जिस खेल के प्रतियुवाओं की रुचि होगी, वहाँ उसी तरह की सुविधाएँ सरकार उपलब्ध कराएगी।
- गौरतलब है कि देश में हरियाणा पहला ऐसा राज्य है, जिसका खेल बजट सबसे अधिक है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/new-astroturf-of-hockey-at-gurugram-s-nehru-stadium